# फंड आकर्षित करने में यूपी देश में पहले नंबर पर

- भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में तथ्य उजागर, कर प्राप्तियों में देश में दूसरा स्थान, देश के जीडीपी में 9.2 प्रतिशत योगदान
- 2030 तक देश में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है योगी आदित्यनाथ की सरकार

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ:** प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेज सुधार होने से बैंकों ने भी उत्तर प्रदेश की परियोजनाओं को वित्तपोषित करने में रुचि दिखाई है। भारतीय रिजर्व बैंक की अगस्त 2023 की रिपोर्ट में फंड आकर्षित करने में 16.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी देश में पहले नंबर पर है। वर्तमान में प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आकार 27.5 लाख करोड़ रुपये है और यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के मुताबिक सरकार के सभी विभाग वर्ष 2030 तक राज्य को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

नीति आयोग द्वारा राजकोषीय स्थिति पर जारी रिपोर्ट में यूपी को फ्रंट रनर राज्य की श्रेणी में रखा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कर प्राप्तियों में उत्तर प्रदेश को देश में दूसरा स्थान दिया है। ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) में खासा सुधार हुआ है। 2016-2017 में यह 46 प्रतिशत था जो कि 2024 में बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में सरकार ने इसे 67 से 70 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

गौरतलब है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में राज्य का योगदान 9.2 प्रतिशत है। हाल ही में योजना विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डा. राजीव कुमार ने कहा था कि 56 प्रतिशत युवा आबादी, नौ प्रकार के कृषि जलवायु क्षेत्र, पानी की भरपूर उपलब्धता व अन्य खासियतों से उत्तर प्रदेश जल्दी एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। उन्होंने जिलों को आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनाने की बात कही थी। प्रदेश सरकार



पहले से ही एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) और एक जिला-एक जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) की योजना पर काम कर रही है। अब एक जिला एक पकवान योजना को मूर्त रूप देने की दिशा में काम कर रही है।

प्रदेश में योगी सरकार बनने से पहले तक यूपी की अर्थव्यवस्था देश में सातवें नंबर पर थी। मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद अर्थव्यवस्था मजबूत करने की दिशा में काम शुरू हुए। आज राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 27.5 लाख करोड़ रुपये पहुंच चुका है और यह देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। ।

उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

******